राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर
द्वारा आयोजित

UTKARSH CLASSES

www.utkarsh.com

**ANSWER KEY**

# वरिष्ठ अध्यापक - स्कूल शिक्षा-2022

**PAPER-1 [GK & Education Psychology]** 29 जनवरी, 2023

# ANSWER KEY

## परीक्षा तिथि व समय

## 29 जनवरी, 2023 (रविवार)

## (10:30 AM to 12:30 PM) - Group - C




UTKARSH CLASSES

डॉ. निर्मल गहलोत द्वारा संचालित

उत्कर्ष®

Since 2002

- जालोरी गेट चौराहा, जोधपुर HELPLINE - 98292 13213
- व्यास भवन, 1st ए रोड, सरदारपुरा, जोधपुर
- महेश नगर थाने के पास, श्री गोपालपुरा बाईपास रोड़ , जयपुर
- प्रयागराज ऑफिस : 10/14, एल्गिन रोड, मिश्रा भवन चौराहा, इंडियन ऑयल CNG पेट्रोल पंप के पास, प्रयागराज

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा टॉरेन्स के सृजनात्मक चिंतन शाब्दिक परीक्षण का एक उप-परीक्षण नहीं है?**
(1) असाधारण प्रश्न
(2) पूछना और अनुमान लगाना
(3) नवीन संबंध
(4) अप्रचलित उपयोग **[3]**

**2. एक बालक के व्यवहार में विचलन और असामान्य प्रतिक्रियाएँ उसके अपने अभिप्रेरकों और अन्तर्नोद को सन्तुष्ट करने की असमर्थता के परिणामस्वरूप होती है। कुसमायोजन का यह कारक है–**
(1) दर्शनशास्त्रीय
(2) मनोवैज्ञानिक
(3) शरीर-कार्यिकी
(4) समाजशास्त्रीय **[2]**

**3. व्यक्ति का संवेग और व्यवहार का प्रभावी तरीकों से नियमन जो सामाजिक परिस्थितियों में सफल आबन्धन को उच्चतम बनाता है, उसकी विशेषता है–**
(1) तार्किक बुद्धि की
(2) सामान्य बुद्धि की
(3) संवेगात्मक बुद्धि की
(4) तरल (फ्लूड) बुद्धि की **[3]**

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टर्नबर्ग के त्रितंत्रीय बुद्धि सिद्धांत के संघटात्मक उपसिद्धांत का एक घटक नहीं है?**
(1) सृजनात्मक घटक
(2) मेटा घटक
(3) निष्पादन घटक
(4) ज्ञानार्जन घटक **[1]**

**5. अभिप्रेरणा क्या है, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम उदाहरण है?**
(1) निशा मेहनती है, अपने शैक्षिक कार्य के विषय में धनात्मक भावनाएँ अनुभव करती है।
(2) रीता ऊर्जित है, उच्च लक्ष्य निर्धारित करती है, यथेष्ट प्रयासों को बनाये रखती है और कक्षा में ए ग्रेड बना लेती है।
(3) मानसी आने वाले विद्यालय के वर्ष के विषय में भावुक है और अच्छा करना चाहती है।
(4) कविता जो करना चाहती है उसमें अपना ध्यान निर्देशित करने में अच्छी है। **[2]**

**6. चुनौतीपूर्ण और कठिन निष्पादन में प्रवीणता की संतुष्टि प्राप्ति की प्रत्याशा कहलाती है–**
(1) समायोजन
(2) बुद्धि
(3) अधिगम
(4) उपलब्धि अभिप्रेरणा **[4]**

**7. एक शिक्षक विषयवस्तु संवर्धन कार्यक्रम की योजना बना रहा है, वह किस प्रकार के अधिगमकर्त्ताओं के लिए ऐसा कर रहा है?**
(1) बालअपचारी
(2) मन्दगति अधिगमकर्त्ताओं
(3) पिछड़े अधिगमकर्त्ताओं
(4) प्रतिभाशाली अधिगमकर्त्ताओं **[4]**

**8. किस उपचारात्मक प्रविधि के अन्तर्गत मनोचिकित्सा एवं परामर्श द्वारा अपराधी बालक में सूझ एवं समझ उत्पन्न करके अपराधी व्यवहारों को कम करने का प्रयत्न किया जाता है?**
(1) न्यायिक
(2) व्यवहारात्मक
(3) मनोगतिक
(4) पुनर्वास **[2]**

**9. स्व (आत्म) के स्वतन्त्र दृष्टिकोण की सर्वोत्तम परिभाषा का चयन कीजिए।**
(1) वह जो कविता (पद्य) को पढ़ने और लिखने जैसी गतिविधियों का आनन्द लेता है।
(2) स्व को स्वयं के आन्तरिक विचारों, भावनाओं और क्रियाओं के रूप में परिभाषित करना।
(3) स्व को अपने सम्बन्धों को दूसरे व्यक्तियों के साथ के रूप में परिभाषित करना।
(4) वह जो नृत्य और समूह खेलों जैसी गतिविधियों का आनन्द लेता है। **[2]**

**10. निम्नलिखित में से कौन-सी अभिवृत्तियों की विशेषता नहीं है?**
(1) अभिवृत्तियाँ अर्जित होती हैं।
(2) अभिवृत्तियों में व्यक्ति-वस्तु सम्बन्ध पाया जाता है।
(3) अभिवृत्तियाँ जन्मजात होती हैं।
(4) अभिवृत्तियों में अभिप्रेरणात्मक-प्रभावोत्पादक विशेषता पाई जाती है। **[3]**

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा जिलों का समूह राजस्थान में सर्वाधिक कुल वन क्षेत्र घेरता है?**
(1) अलवर, सिरोही, जोधपुर एवं जयपुर
(2) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बारां एवं करौली
(3) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ एवं टोंक
(4) बूँदी, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर एवं झालावाड़ **[2]**

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजस्थान का अलसी उत्पादक प्रदेश है?**
(1) घग्घर का मैदान
(2) माही बेसिन
(3) हाड़ौती प्रदेश
(4) शेखावाटी प्रदेश **[3]**

**13. कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(1) नागौर पशुधन प्रदेश बैलों के लिए प्रसिद्ध है।
(2) रथ प्रदेश में गौवंश प्रमुख पशुधन है।
(3) मध्य राजस्थान मालवी पशुधन प्रदेश में सम्मिलित है।
(4) सिरोही, जालौर और पाली जिले काँकरेज पशुधन प्रदेश के भाग हैं। **[3]**

**14. राजस्थान में विन्ध्यन कगार किस क्षेत्र में पाये जाते हैं?**
(1) अलवर – सवाई माधोपुर क्षेत्र
(2) कोटा – झालावाड़ क्षेत्र
(3) धौलपुर – करौली क्षेत्र
(4) अलवर – भरतपुर क्षेत्र **[2]**

**15. कोपेन के अनुसार राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन-सा जलवायु प्रकार नहीं पाया जाता है?**
(1) Cwg
(2) Aw
(3) BShw
(4) BWkw **[4]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**16. नदी जो कि 'वन की आस' के रूप में जानी जाती है**
(1) बनास
(2) चम्बल
(3) बाणगंगा
(4) आहू **[1]**

**17. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये :**

| पर्यटन स्थल | पर्यटन सर्किट |
|---|---|
| A. घाना पक्षी विहार | (i) शेखावाटी सर्किट |
| B. गागरोन किला | (ii) जयपुर सर्किट |
| C. ब्रह्मा मन्दिर | (iii) अलवर सर्किट |
| D. गणेश्वर उत्खनन स्थल | (iv) हाड़ौती सर्किट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**[4]**

**18. राजस्थान में भील जनजाति द्वारा मैदानी भागों में की जाने वाली कृषि कहलाती है :**
(1) कछावू
(2) चिमाता
(3) दजिया
(4) दापा **[3]**

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजस्थान में लिंगानुपात के बारे में जनगणना 2011 के अनुसार सही नहीं है?**
(1) बाल लिंगानुपात (0-6 आयु समूह) बाँसवाड़ा में सर्वाधिक था।
(2) ग्रामीण लिंगानुपात 933 था।
(3) नगरीय लिंगानुपात 914 था।
(4) बाल लिंगानुपात (0-6 आयु समूह) 898 था। **[4]**

**20. राजस्थान के कौन-से जिले में बृहत् उद्योगों (Large Scale Industries) की सर्वाधिक संख्या पायी जाती है?**
(1) उदयपुर
(2) अलवर
(3) भीलवाड़ा
(4) जयपुर **[2]**

**21. हल्दीघाटी का प्रसिद्ध युद्ध का मैदान किस जिले में स्थित है?**
(1) भीलवाड़ा
(2) उदयपुर
(3) चित्तौड़
(4) राजसमंद **[4]**

**22. 1857 की क्रांति के समय मेवाड़ के महाराणा कौन थे?**
(1) महाराणा भीमसिंह
(2) महाराणा सज्जनसिंह
(3) महाराणा स्वरूपसिंह
(4) महाराणा फतेहसिंह **[3]**

**23. मोतीलाल तेजावत का जन्म कहाँ हुआ?**
(1) सलूम्बर
(2) कोलियारी
(3) मातृकुण्डिया
(4) झाड़ोल **[2]**

**24. उदयपुर में स्थापित देश हितेषिणी सभा का मुख्य उद्देश्य क्या था?**
(1) स्त्री-शिक्षा को प्रोत्साहन
(2) सती प्रथा का उन्मूलन
(3) विवाह सम्बन्धित कठिनाइयों का समाधान
(4) छुआछूत की समस्या का निराकरण **[3]**

**25. निम्नलिखित में से किस सभ्यता को धूलकोट भी कहते हैं?**
(1) बैराठ
(2) कालीबंगा
(3) आहड़
(4) बालाथल **[3]**

**26. निम्नलिखित में से कौन-सी सभ्यता कांतली नदी के उद्गम पर स्थित है?**
(1) कालीबंगा
(2) रंगमहल
(3) बैराठ
(4) गणेश्वर **[4]**

**27. रणथम्भौर के चौहान राजवंश का संस्थापक कौन था?**
(1) गोविन्दराज
(2) जैत्रसिंह
(3) हम्मीर
(4) वीरनारायण **[1]**

**28. लोकदेवता मल्लीनाथजी का मंदिर कहाँ स्थित है?**
(1) तिलवाड़ा
(2) खड़नाल
(3) रुणेचा
(4) ददरेवा **[1]**

**29. सूर्य और विष्णु के सम्मिलित भाव की प्रतिमा किस मंदिर में प्राप्त होती है?**
(1) श्रीनाथ मंदिर, नाथद्वारा
(2) सूर्य मंदिर, झालरापाटन
(3) सोमेश्वर मंदिर, किराडू
(4) जगदीश मंदिर, उदयपुर **[3]**

**30. बूँदी के तारागढ़ दुर्ग का निर्माण किसने करवाया?**
(1) राव बरसिंह
(2) राव देवा
(3) राव समरसिंह
(4) राव बैरीसाल **[1]**

**31. महिला चित्रकारों कमला एवं इलायची के नाम किस चित्रशैली से सम्बन्धित हैं?**
(1) नाथद्वारा
(2) जोधपुर
(3) किशनगढ़
(4) अलवर **[1]**

**32. तनसुखलाल मित्तल किस प्रजामण्डल संगठन के नेता थे?**
(1) अलवर राज्य प्रजामण्डल
(2) मेवाड़ राज्य प्रजामण्डल
(3) कोटा राज्य प्रजाणडल
(4) बीकानेर राज्य प्रजामण्डल **[3]**

**33. बरड़ का किसान आन्दोलन किस भूतपूर्व देशी रियासत से संबंधित है?**
(1) कोटा
(2) बीकानेर
(3) जयपुर
(4) बूँदी **[4]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**34. वर्तमान राजस्थान राज्य के गठन की सारी प्रक्रिया सम्पूर्ण हुई**
(1) 1956 ई.
(2) 1947 ई.
(3) 1948 ई.
(4) 1949 ई. **[1]**

**35. मांदल्या आभूषण महिलाओं द्वारा शरीर के किस अंग पर पहना जाता है?**
(1) कमर
(2) पैर
(3) हाथ
(4) वक्ष **[4]**

**36. 'मानचरित्र रासो' के रचयिता कौन हैं?**
(1) दयालदास
(2) नैणसी
(3) कवि नरोत्तम
(4) कवि बांकीदास **[3]**

**37. 'अग्नि नृत्य' का उद्गम किस स्थान से हुआ?**
(1) रुणेचा
(2) कतरियासर
(3) आहोर
(4) बोरूंदा **[2]**

**38. राजस्थान का राज्यपाल निम्नांकित में से किस विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नहीं है?**
(1) हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर
(2) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
(3) जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर
(4) राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर **[4]**

**39. किसकी सलाह पर राज्यपाल राजस्थान विधानसभा सदस्य की निर्योग्यता संबंधी मामलों का निर्णय कर सकता है?**
(1) राष्ट्रपति
(2) विधानसभा अध्यक्ष
(3) मुख्यमंत्री
(4) निर्वाचन आयोग **[4]**

**40. 'फूटा देवल' मेला कहाँ आयोजित होता है?**
(1) डूँगरपुर
(2) उदयपुर
(3) सिरोही
(4) राजसमन्द **[4]**

**41. 'कजली तीज' का त्योहार कहाँ मनाया जाता है?**
(1) जोधपुर
(2) बाड़मेर
(3) बूँदी
(4) जयपुर **[3]**

**42. सांझी के रूप में किस देवी की पूजा की जाती है?**
(1) लक्ष्मी
(2) पार्वती
(3) दुर्गा
(4) सरस्वती **[2]**

**43. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(1) के.पी.यू. मेनन-मोहनलाल सुखाड़िया
(2) सी.के. मैथ्यू -वसुंधरा राजे
(3) राजीव महर्षि – अशोक गहलोत
(4) मीठा लाल मेहता – भैरोंसिंह शेखावत **[3]**

**44. निम्न में से कौन-सा कथन राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबद्ध में गलत है?**
(1) मुख्य न्यायाधीश एस.के. घोष को इसका अध्यक्ष बनाया गया।
(2) इसकी स्थापना दिसंबर, 1949 को हुई।
(3) प्रारंभ में इसमें अध्यक्ष सहित चार सदस्य थे।
(4) 1951 में राजप्रमुख द्वारा आयोग के कार्यों को नियमित करने के उद्देश्य से विनियम पारित किये गए। **[3]**

**45. निम्नलिखित सूची-A को सूची-B से सुमेलित कीजिये:**

| सूची-A | सूची-B |
|---|---|
| A. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम | i. 2000 |
| B. राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन | ii. 1993 |
| C. मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम | iii. 2006 |
| D. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में अधिसूचना | iv. 1999 |

**सही विकल्प चुनिए:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | ii | iii | i | iv |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | ii | i | iii | iv |

**[4]**

**46. राजस्थान विधानसभा के किसी सदस्य के त्यागपत्र के संबंध में निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(1) कोई सदस्य अपना त्यागपत्र अध्यक्ष को सौंपने के 30 दिनों के भीतर अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।
(2) कोई सदस्य जो सदन में अपनी सदस्यता से त्यागपत्र देना चाहता है, अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अध्यक्ष को सूचित करेगा।
(3) यदि कोई सदस्य अध्यक्ष के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थित होकर त्यागपत्र सौंपता है और सूचित करता है कि त्यागपत्र स्वैच्छिक और असली है और अध्यक्ष के पास उसके विपरीत कोई सूचना अथवा ज्ञान नहीं है, अध्यक्ष तुरंत त्यागपत्र स्वीकार कर सकता है।
(4) यदि अध्यक्ष को त्यागपत्र पोस्ट अथवा किसी अन्य के माध्यम से प्राप्त होता है, अध्यक्ष स्वयं की संतुष्टि के लिए कि त्यागपत्र स्वैच्छिक और असली है, जाँच करवा सकता है, जैसा वह उचित समझे। **[1]**

**47. राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2021 के गजट नोटिफिकेशन के उपरांत ग्राम सेवक को जाना जाता है?**
(1) ग्राम अधिकारी के रूप में
(2) ग्राम विकास अधिकारी के रूप में
(3) कृषि पर्यवेक्षक के रूप में
(4) ग्राम सचिव के रूप में **[2]**

**48. पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के दौरान कितने स्थानों पर विधानसभा उपचुनाव हुए थे?**
(1) 8
(2) 6
(3) 7
(4) 3 **[1]**

**49. 2017 के राष्ट्रपति चुनाव में राजस्थान विधानसभा के एक सदस्य का मत-मूल्य क्या था?**
(1) 176
(2) 116
(3) 129
(4) 132 **[3]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**50. राजस्थान सरकार ने कौन-सा दिन विद्यालय में बच्चों के लिए ''नो-बैग डे'' घोषित किया है?**
(1) मंगलवार
(2) शुक्रवार
(3) शनिवार
(4) सोमवार [3]

**51. भारत की अध्यक्षता के दौरान, दिसंबर, 2022 में जी-20 की प्रथम शेरपा बैठक कहाँ आयोजित की गई?**
(1) कोटा
(2) जोधपुर
(3) जयपुर
(4) उदयपुर [4]

**52. राजस्थानी नाटक 'आलेखूँ अंबा' के लेखक हैं–**
(1) कमल रंगा
(2) मीठेश निर्मोही
(3) वेद व्यास
(4) दुलाराम सहारण [1]

**53. आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व निम्न में से किस शहर में स्थित है?**
(1) राजसमंद
(2) दौसा
(3) अलवर
(4) जयपुर [4]

**54. राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों का कार्यकाल है–**
(1) चार वर्ष
(2) एक वर्ष
(3) दो वर्ष
(4) पाँच वर्ष [2]

**55. निम्न में से किन्होंने राजस्थान विधानसभा में हाल में डिजिटल म्यूज़ियम का उद्घाटन किया था?**
(1) मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल
(2) मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना
(3) मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित
(4) मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ [2]

**56. राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण की जयपुर पीठ के क्षेत्राधिकार में आने वाले संभागों के सही समूह को पहचानिए।**
(1) जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा
(2) भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर
(3) अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर
(4) उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा [1]

**57. दिसंबर, 2022 में वीरबाला कालीबाई पुरस्कार दिया गया है :**
(1) दुर्गा देवी को
(2) किरण मीणा को
(3) राज कलासुआ को
(4) भँवरी देवी को [3]

**58. पृथ्वी के महाद्वीपीय भाग पर सबसे गहराई वाला बिन्दु अवस्थित है :**
(1) एशिया में
(2) अफ्रीका में
(3) अण्टार्कटिका में
(4) ऑस्ट्रेलिया में [3]

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**
**भूमण्डलीय पवनें प्रमुखतया निर्भर करती हैं :**
**A. वायुदाब पेटियों का उद्भव**
**B. पृथ्वी का घूर्णन**
**C. वायुमण्डलीय आर्द्रता**
**D. महाद्वीपों और महासागरों का वितरण**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये :**
**कूट :**
(1) A, B और D
(2) A, B और C
(3) B, C और D
(4) A, C और D [1]

**60. मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा किस कार्यक्रम की शुरुआत की गई?**
(1) प्रोजेक्ट रेन
(2) प्रोजेक्ट ग्रीन
(3) प्रोजेक्ट ट्री
(4) प्रोजेक्ट बोल्ड [4]

**61. राजस्थान के निम्नांकित में से किस जिले में साक्षरता दर सबसे कम है?**
(1) डूँगरपुर
(2) सिरोही
(3) जालौर
(4) प्रतापगढ़ [3]

**62. राजस्थान की पहली जनजाति हॉकी अकादमी कहाँ स्थापित की गई है?**
(1) हनुमागढ़
(2) उदयपुर
(3) बीकानेर
(4) जोधपुर [2]

**63. प्रायद्वीपीय भारत के पठारों का पश्चिम से पूर्व सही क्रम क्या है?**
(1) दक्कन पठार, दण्डाकरण्य पठार, छोटा नागपुर पठार एवं मेघालय पठार
(2) दक्कन पठार, छोटा नागपुर पठार, दण्डाकरण्य पठार एवं मेघालय पठार
(3) मेघालय पठार, छोटा नागपुर पठार, दण्डाकरण्य पठार एवं दक्कन पठार
(4) मेघालय पठार, दण्डाकरण्य पठार, छोटा नागपुर पठार एवं दक्कन पठार [1]

**64. वर्ष 2022 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?**
(1) तेहरान (ईरान)
(2) पर्थ (आस्ट्रेलिया)
(3) तेल-अवीव (इज़राइल)
(4) शर्मन-एल-शेख (मिस्र) [4]

**65. सन् 2020 के अनुसार निम्नलिखित महाद्वीपों को उनकी जनसंख्या के आकार के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**
**A. अफ्रीका** **B. यूरोप**
**C. उत्तरी अमेरिका** **D. दक्षिण अमेरिका**
**कूट :**
(1) A, B, D एवं C
(2) A, B, C एवं D
(3) D, C, B एवं A
(4) A, C, B एवं D [2]



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**66. वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2019 में विश्व स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों की अनुमानित संख्या थी–**
(1) 172 मिलियन
(2) 272 मिलियन
(3) 80.9 मिलियन
(4) 242 मिलियन **[2]**

**67. गैर–जीवाश्म ईंधन वर्ग में, भारत में कौन से गैर–परम्परागत ऊर्जा स्रोत की सर्वाधिक संस्थापित उत्पादन क्षमता पायी जाती है?**
(1) जलविद्युत ऊर्जा
(2) पवन ऊर्जा
(3) सौर ऊर्जा
(4) नाभिकीय ऊर्जा **[1]**

**68. निम्नलिखित में से कौन सा मानसून तन्त्र के बारे में सही नहीं है?**
(1) मानसून तन्त्र को समझाने वाला वायु-राशि सिद्धान्त ITCZ के विस्थापन पर आधारित है ।
(2) पूर्वी जेट स्ट्रीम भारतीय मानसून तन्त्र को बहुत प्रभावित करती है ।
(3) एल-नीनो की धारा, जो कि मानसून तन्त्र को प्रभावित करती है, प्रशान्त महासागर के दक्षिण पूर्वी भाग में मई-जून में प्रकट होती है।
(4) पी. कोटेश्वरम् ने मानसून हवाओं के तन्त्र एवं ऊपरी वायु संचरण में सम्बन्ध स्थापित किया। **[3]**

**69. निम्नलिखित में से कौन सी नदी सह्याद्री पश्चिम की ओर बहने वाली नदी नहीं है?**
(1) इन्द्रावती
(2) मंडोवी
(3) शरावती
(4) भरतपूझा **[1]**

**70. भारत में ऊष्णकटिबन्धीय शुष्क सदाबहार वन पाये जाते हैं :**
(1) ओडिशा तट के सहारे
(2) केरल तट के सहारे
(3) तमिलनाडु तट के सहारे
(4) गुजरात तट के सहारे **[3]**

**71. आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22 के अनुसार, भारत का सबसे अनुकूल व्यापार संतुलन था–**
(1) यू.एस.ए., यू.ए.ई. एवं चीन
(2) यू.एस.ए., यू.ए.ई. एवं इराक
(3) यू.एस.ए., बांग्लादेश एवं नेपाल
(4) चीन, यू.ए.ई. एवं इटली **[3]**

**72. निम्नलिखित में से ऑपरेशन ग्रीन योजना के सन्दर्भ में क्या सही है?**
**A. योजना नवम्बर, 2018 में शुरू की गई थी ।**
**B. योजना बाद में TOP (टमाटर, प्याज, आलू) से TOTAL तक विस्तारित की गई (41 जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं के लिए)।**
**C. वर्तमान में 52 उत्पादन क्लस्टरों से 41 जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को कवर किया जा रहा है।**
**सही उत्तर का चुनाव कीजिये :**
(1) सभी A और B, C सही हैं।
(2) केवल A सही है।
(3) केवल B सही है।
(4) केवल C सही है। **[*]**

**73. भारत में बिजनेस एक्सपेक्टेशन इंडेक्स (BEI) निम्न में से कौन सा संगठन प्रकाशित करता है?**
(1) नीति आयोग
(2) वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय
(3) भारतीय रिजर्व बैंक
(4) फिक्की **[3]**

**74. हाल ही के वर्षों में भारत में निम्न में से कौन सा क्षेत्र विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग के अन्त:प्रवाह का सर्वाधिक प्राप्तकर्ता रहा है?**
(1) सूचना तकनीकी क्षेत्र
(2) कृषि क्षेत्र
(3) औद्योगिक क्षेत्र
(4) सेवा क्षेत्र **[4]**

**75. कैबिनेट मिशन योजना के अनुसार संविधान सभा का गठन कब हुआ?**
(1) जून, 1946
(2) अगस्त, 1946
(3) नवंबर, 1946
(4) अक्टूबर, 1946 **[3]**

**76. संविधान सभा की महत्वपूर्ण समितियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**
(1) जवाहरलाल नेहरू संघ की शक्तियों की समिति के अध्यक्ष थे।
(2) संघ की शक्तियों की समिति में 9 सदस्य थे।
(3) सरदार पटेल संघ संविधान समिति के अध्यक्ष थे।
(4) डॉ. के. एम. मुंशी स्टीयरिंग समिति के अध्यक्ष थे। **[3]**

**77. निम्नलिखित में से कौन-सा देश 2021-22 (अप्रैल-नवम्बर) की अवधि के दौरान भारत के आयात स्थलों में शीर्ष पर सूचीबद्ध था?**
(1) सिंगापुर
(2) यू.ए.ई.
(3) यू.एस.ए.
(4) चीन **[4]**

**78. 1919 के अधिनियम ने भारत में पहली बार किस व्यवस्था की शुरुआत की?**
(1) प्रांतीय स्वायत्तता
(2) प्रत्यक्ष निर्वाचन
(3) वयस्क मताधिकार
(4) संघीय न्यायालय **[2]**

**79. भारत शासन अधिनियम, 1935 के अनुसार प्रस्तावित संघीय विधायिका के उच्च सदन का नाम था :**
(1) चैंबर ऑफ प्रिंसेज
(2) फेडरल चैंबर ऑफ प्रॉविंसेज
(3) काउंसिल ऑफ स्टेट
(4) काउंसिल ऑफ स्टेट्स **[4]**

**80. संविधान की उद्देशिका की कौन-सी विशेषता 'निर्वाचित राष्ट्रपति' द्वारा प्रकट होती है?**
(1) समाजवादी
(2) संप्रभु
(3) सेकुलर
(4) गणतंत्र **[4]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**81. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए–**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | उम्मीदवारों के पूर्व आचरण के संबंध में जानने का मतदाता का अधिकार | (i) | अनुच्छेद 23 |
| B. | एकांतता का अधिकार | (ii) | अनुच्छेद 21-A |
| C. | शिक्षा का अधिकार | (iii) | अनुच्छेद 21 |
| D. | मानव दुर्व्यापार का प्रतिषेध | (iv) | अनुच्छेद 19(1)(a) |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**[3]**

**82. निम्नांकित में से क्या स्वतंत्रता के मूल अधिकार में शब्दश: शामिल नहीं है?**
(1) शांतिपूर्वक सम्मेलन की स्वतंत्रता
(2) संघ बनाने की स्वतंत्रता
(3) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(4) अंत:करण की स्वतंत्रता **[4]**

**83. निम्नांकित में से कौन भारत के संविधान के भाग 4 क में सम्मिलित नहीं है?**
(1) हमारी राष्ट्रीय भाषा हिंदी का आदर करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।
(2) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा की रक्षा करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।
(3) हिंसा से दूर रहना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।
(4) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है। **[1]**

**84. निम्नांकित में से किस/किन राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत/सिद्धांतों को भारत के संविधान में अलग-अलग संविधान संशोधन/संशोधनों द्वारा सम्मिलित किया गया?**
**(a) समान न्याय तथा नि:शुल्क विधिक सहायता**
**(b) सहकारी समितियों की उन्नयन**
**(c) काम का अधिकार**
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए :**
(1) (a), (b) तथा (c)
(2) केवल (a)
(3) केवल (b)
(4) (a) तथा (b) **[4]**

**85. भारत के राष्ट्रपति की पदावधि के संबंध में निम्नांकित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**
(1) राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त हो जाने पर भी तब तक पद धारण करता रहेगा जब तक उसका उत्तराधिकारी अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता।
(2) राष्ट्रपति अपने पद धारण की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा।
(3) राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।
(4) संविधान का अतिक्रमण करने पर राष्ट्रपति को अनुच्छेद 61 में उपबंधित रीति से चलाए गए महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकेगा। **[3]**

**86. निम्नलिखित में से संविधान का कौन-सा अनुच्छेद प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद के बीच संचार का चैनल बनाता है?**
(1) अनुच्छेद 78
(2) अनुच्छेद 74
(3) अनुच्छेद 75
(4) अनुच्छेद 77 **[1]**

**87. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर को चुनिए :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी | (i) | दीनदयाल उपाध्याय |
| B. | भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी | (ii) | ए. के. गोपालन |
| C. | भारतीय जनसंघ | (iii) | आचार्य नरेन्द्र देव |
| D. | स्वतंत्र पार्टी | (iv) | सी. राजगोपालाचारी |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**[1]**

**88. 1955 ऐतिहासिक अफ्रो-एशियन सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ था?**
(1) कोलम्बो, श्रीलंका
(2) नई दिल्ली, भारत
(3) बेलग्रेड, यूगोस्लाविया
(4) बांडुंग, इन्डोनेशिया **[4]**

**89. सम्प्रत्यय निर्माण शिक्षा मनोविज्ञान क्षेत्र के किस घटक से संबंधित है?**
(1) सीखने के वातावरण से
(2) अधिगमकर्त्ता से
(3) सीखने की प्रक्रिया से
(4) अध्यापक से **[3]**

**90. निम्नांकित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | हंसा मेहता | – | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की प्रथम महिला अध्यक्ष |
| (2) | विजयलक्ष्मी पंडित | – | संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम महिला अध्यक्ष |
| (3) | चिन्मय रजनीनाथ गेहरखान | – | संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवम् सामाजिक परिषद् की अध्यक्षता की |
| (4) | नगेन्द्र सिंह | – | अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की अध्यक्षता की |

**[1]**

**91. निम्नांकित में से कौन-सा राष्ट्र राज्य 2021 में शंघाई सहयोग संगठन से नए सदस्य के रूप में जुड़ा?**
(1) कतर
(2) ईरान
(3) सऊदी अरब
(4) इजिप्ट (मिस्र) **[2]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**92. 'शिक्षा मनोविज्ञान नये और हमेशा नये अनुसंधानों से संबंधित है। शिक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान परिणामों के एकत्रीकरण से बालक की प्रकृति के विषय में बेहतर सूझ (अन्तर्दृष्टि) प्राप्त करते हैं और अन्वेषण की संशोधित विधियों का विकास करते हैं।' शिक्षा मनोविज्ञान की यह प्रकृति है–**
(1) सामाजिक विज्ञान
(2) धनात्मक विज्ञान
(3) नियामक विज्ञान
(4) विकासशील विज्ञान **[4]**

**93. निम्नलिखित में से कौन-सी गैने द्वारा प्रदत्त "अधिगम सोपानिकी" की उच्चतम अवस्था है?**
(1) उद्दीपन-अनुक्रिया अधिगम
(2) सिद्धान्त अधिगम
(3) समस्या समाधान अधिगम
(4) बहुविभेदन अधिगम **[3]**

**94. नैतिक विकास में प्रश्नों के सही और गलत संबंधी निर्णय में सम्मिलित चिन्तन प्रक्रिया कहलाती है–**
(1) नैतिक दुविधा
(2) नैतिक यर्थाथवाद
(3) नैतिक तार्किकता
(4) नैतिक संकट **[3]**

**95. ब्रिज की संवेग विकास की स्कीम (व्यवस्था) के अनुसार बालकों में ईर्ष्या सर्वप्रथम निम्नलिखित में से कौन-सी आयु में प्रकट होती है?**
(1) 12 माह में
(2) 5 वर्ष में
(3) 3 वर्ष में
(4) 18 माह में **[4]**

**96. एक बालक/बालिका वस्तु के गर्म होने और नहीं होने के अनुसार अपने मौजूदा व्यवहार की स्कीम में संशोधन कर लेता/लेती है। पियाजे के अनुसार यह उदाहरण संज्ञानात्मक विकास की निम्नलिखित में से प्रक्रिया से संबंधित है?**
(1) असाम्यावस्था
(2) अनुकूलन
(3) स्वांगीकरण
(4) साम्यावस्था **[2]**

**97. एक व्यक्ति चिकित्सक बनना चाहता है लेकिन अपर्याप्त क्षमता से अवरुद्ध है इसलिए उसने प्रयोगशाला तकनीशियन बनना चुना है। उसके द्वारा अपनाई गई समायोजन प्रक्रिया है–**
(1) प्रतिगमन
(2) प्रतिस्थापन
(3) आत्मीकरण
(4) दमन **[2]**

**98. बण्डूरा के अवलोकन अधिगम सिद्धांत के अनुसार, बाह्य प्रेरक और प्रतिनियुक्त प्रेरक निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया से संबंधित है?**
(1) अभिप्रेरणात्मक
(2) अवधानात्मक
(3) अवधारण
(4) उत्पादन **[2]**

**99. निम्नलिखित में से कौन अधिगम के धनात्मक स्थानान्तरण में मदद नहीं करता है?**
(1) विषयवस्तु की अर्थपूर्णता
(2) विषयवस्तु को दैनिक जीवन से जोड़ना
(3) स्वयं हेतु रटना अधिगम
(4) सिखाई गई सामग्री के अनुप्रयोग पर बल देना **[3]**

**100. व्यक्तित्व मापन की एक तकनीक में, कर्ता (व्यक्ति) को अनेक चित्र देखाकर दृश्य पर आधारित पात्रों के विचारों एवं भावनाओं पर एक कहानी बनाने को कहा जाता है। यह तकनीक है–**
(1) क्रम मापनी (रेटिंग स्केल)
(2) समाजमिति
(3) प्रक्षेपी
(4) सूची (इन्वेन्ट्री) **[3]**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उत्कर्ष प्रकाशन की प्रमुख पुस्तकें




**अपने नज़दीकी पुस्तक विक्रेता से उत्कर्ष प्रकाशन की पुस्तकें खरीदने के लिए सम्पर्क करें।**

UTKARSH PUBLICATION
उत्कर्ष प्रकाशन

For Trade Enquiry :
**publication@utkarsh.com**
Helpline : **+ 91 9829 213 213**